भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2714
उत्तर देने की तारीख 07 अगस्त, 2024

शिमोगा में बीएसएनएल के मोबाइल टावर

2714. श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को विगत तीन वर्षों के दौरान शिमोगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में बीएसएनएल के नए मोबाइल टावरों को मंजूरी दिए जाने की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को माइक्रोवेव उपकरणों की आपूर्ति नहीं होने के कारण बीएसएनएल मोबाइल टावरों की स्थापना के कार्यान्वयन में हो रहे विलंब की जानकारी है; और

(घ) यदि हां, तो इसकी आपूर्ति के संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 27.07.2022 को देश के सेवा से वंचित सभी गांवों में, शिमोगा के सहित, कवरेज उपलब्ध कराने के लिए 4जी सेचुरेशन परियोजना को अनुमोदित किया गया जिसमें 120 टावर लगाने की योजना है। इस परियोजना का कार्यान्वयन बीएसएनएल द्वारा किया जा रहा है।

(ग) और (घ) बीएसएनएल ने अखिल भारतीय स्तर पर स्थापना के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 4जी साइटों की खरीद के लिए क्रय आदेश दिया है। 4जी उपकरणों की आपूर्ति सितंबर, 2023 से शुरू हो गई है।

*****